राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने शहीद जितेन्द्र सिंह के परिजनों को तैल चित्र भेंट किया

—

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शहीद जितेन्द्र सिंह का तैल चित्र मंगलवार को राजभवन में उनके परिजनों को भेंट किया। यह तैल चित्र श्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने तैयार किया। बी.एस.एफ. में सहायक कमाण्डेट जितेन्द्र सिंह जम्मू में देश की रक्षा करते हुए जून, 2018 में शहीद हुए थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने शहीद के पिता श्री समुद्र सिंह व माता श्रीमती सुमित्रा देवी को तैल चित्र भेंट किया। इस मौके पर श्री रोहित कृष्ण भी मौजूद थे।

राज्यपाल से श्री कटारिया मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री गुलाब चन्द कटारिया ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से पूर्व केन्द्रीय मंत्री मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सी. आर. चौधरी ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से यह शिष्टाचार भेंट थी।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल